श्रीमती धापूदेवी वगैरह बनाम पोकरराम वगैरह

किस्म मुकदमा : अपील सं0 56/2014 धारा–76 एल.आर.एक्ट

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशीयल्स जज	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
31.10.2018	पत्रावली प्रस्तुत हुई । अभिभाषक अपीलान्ट श्री रजाक अली भाटी अनुपस्थित एवम् रेस्पोन्डेंट सं0 1 ता 3 के अभिभाषक श्री हरीश मदान भी अनुपस्थित। राजकीय अभिभाषक श्री सुभाष सहू उपस्थित । अपील में अभिभाषक अपीलान्ट एवम् अपीलान्ट्स के निमित आवाज लगवाई गयी तथा अभिभाषक रेस्पोन्डेंट के निमित भी आवज लगवाई गयी। उक्त प्रकरण दिनांक 10–12–2013 से बहस /बहस प्रार्थना पत्र हेतु विचाराधीन है, जिसमें अभिभाषक अपीलान्ट एवं रेस्पोन्डेंट के अभिभाषक को बहस हेतु कई बार अवसर दिये जा चुके हैं । आज अभिभाषक अपीलान्ट एवं अपीलान्ट्स को तथा रेस्पोन्डेंट के अभिभाषक को आवाज लगवाये जाने के बावजूद अनुपस्थित हैं । अतः यह अपील अपीलान्ट्स अदम हाजरी एवम् अदम पैरवी में खारिज की जाती है । आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब –तकमील दाखिल दफ्तर हो । आदेश आज दिनांक 31.10.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया । संभागीय आयुक्त बीकानेर	